नवभारत 04
सतना, शनिवार,20 दिसंबर, 2025

सरकारी जमीन पर सामुदायिक शौचालय के भूमि पूजन में पेंच फंसी

अध्यक्ष, पार्षद और अन्य लोग राज्य मंत्री से मिले, सही कार्य को होने का मिला आश्वासन

नवभारत न्यूज

कोठी 19 दिसंबर, रविवार 21 दिसंबर को कोठी के दीन सहायक संस्था प्रांगण में कंबल वितरण का आयोजन किया जाना है । कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया गया है.

इसी दिन दीन सहायक संस्था द्वारा सार्वजनिक शौचालय के भूमि पूजन का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है जिसके कार्ड भी सभी जगह वितरित किए जा चुके हैं। जबकि प्रस्तावित जमीन न.573 मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज है । दीन सहायक संस्था की जमीन रजि क्रमांक 572 है जो काफी बड़ा क्षेत्र है 571 की आराजी शासकीय नाला है साथ ही 573 रोड से लगी हुई शासकीय जमीन है 572 इन्हीं दो जमीनों से लगी हुई जमीन है जिसका क्षेत्रफल काफी बड़ा है और 572 से जस्ट लगी हुई जमीन शासकीय रोड से लगी हुई पूर्व दिशा की ओर 573 है जिसमें पूर्व में संस्था द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिस पर शासन द्वारा रोक लगाई जा चुकी थी । संस्था की मंशा है कि यह संस्था से लगी हुई जमीन पर सार्वजनिक शौचालय बन जाने से संस्था सहित आसपास के क्षेत्र से आवागमन कर रहे लोगों को प्रसाधन के लिए सुविधा प्रदान होगी इसी मनसा से संस्था ने नगर परिषद से

अनुमति प्राप्त कर ली, परंतु नगर परिषद ने अनुमति 572 आरजी क्रमांक की दी ।इससे संशय बनने पर मामला चर्चा में आया और कुछ पार्षदों ने सरकारी जमीन में शौचालय बनाने का विरोध करते हुए दुकानें बनाने की मांग किया। इससे नगर परिषद का राजस्व बढ़ेगा और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसके बाद आज शुक्रवार को कई पार्षदों सहित नगर परिषद की अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष एवं नगर के कुछ नागरिक राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के कार्यालय पहुंचकर इस विषय पर मामले की विस्तृत जानकारी दी। राज्य मंत्री ने सही कार्य होने का आश्वासन दिया और कहा कि मुझे तो कंबल वितरण कार्यक्रम की ही जानकारी दी गई है परिषद के निर्णय के खिलाफ कार्य नहीं किया जाएगा जिस पर सभी लोगों ने मंत्री जी का धन्यवाद दिया ।

राज्य मंत्री से मिलने वालों में नगर परिषद की अध्यक्ष सुखवंती बाई बुनकर, उपाध्यक्ष सौरभ सिंह ,वार्ड क्रमांक एक की पार्षद बूटी बाई आदिवासी, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद राम विश्वास पाल, वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती सावित्री दुबे, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पति अमित गुप्ता अंटू सहित अन्य नगर के लोग शामिल रहे। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पहले नगर परिषद की अध्यक्ष सहित नगर के कई पार्षदों द्वारा सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने में सहमत दी थी जिसके बाद दीन सहायक संस्था द्वारा उक्त कार्यक्रम की तैयारी की गई । इस मामले में सभी जिम्मेदारों की भूमिका भी संदिग्ध समझ में आ रही है आगे चलकर देखना है कि 21 दिसंबर को क्या होता है क्या सार्वजनिक शौचालय का भूमि पूजन हो पाता है अथवा नहीं या की फिर नगर परिषद की दुकानों का निर्माण कार्य किए जाने का प्रस्ताव पर मोहर लगती है क्योंकि नगरीय निकाय एवं आवास विभाग की मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी स्वयं मौजूद रहेगी।

जिला बदर आदेश का उलंघन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

नागौद 19 दिसंबर, नागौद थाना पुलिस ने जिला बदर आदेश का उलंघन करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 18.12.2025 को हमराह स्टाप के वाहन पेट्रोलिंग मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि चटाई मोहल्ला में जिला बदर का बदमाश राजे बेडिया पिता हरिशंकर बेडिया उर्फ गंधर्व निवासी चटाई मोहल्ला नागौद थाना नागौद जिला सतना का घूम फिर रहा है सूचना पर रेड कार्यवाही करने पर राजे बेडिया के विरूद्ध जिला मजिस्ट्रेट सतना. के द्वारा दिनांक 30.09.2025 को एक वर्ष के लिये आदेश पारित किया जाना पाया गया । जिसमें उक्त अनावेदक को एक वर्ष की अवधि के लिये सतना जिला व उसकी राजस्व सीमा से लगे हुए निकटवर्ती जिले पन्ना, रीवा, मैहर की राजस्व सीमाओं के बाहर से निष्कासित होने का आदेश पारित किया गया है ।

इसके बावजूद भी उक्त आरोपी राजे बेडिया पिता हरिशंकर बेडिया उर्फ गंधर्व उम्र 30 वर्ष निवासी चटाई मोहल्ला नागौद थाना नागौद जिला सतना का जिला दण्डाधिकारी सतना के आदेश का उल्लंघन करते हुए चटाई मोहल्ला नागौद थाना नागौद जिला सतना में उपस्थित पाया गया जो कि आरोपी का यह कृत्य धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध सदर कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहा से जेल भेजा गया ।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय ,उनिरी रंगदेव सिंह, प्रआर. आनंद कुमार साकेत, आर. विनोद रावत, सै. रमेश वर्मा शामिल रहे।

हाई कमान के निर्णय पर स्थानीय कांग्रेस जनो में उपजा असंतोष

नवभारत न्यूज

सतना/ उचेहरा 19 दिसंबर, अभी हाल ही में प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठनात्मक मजबूती के बदलाव किये गये हैं ऐसे में पार्टी के ही कई जिम्मेदारों को उम्मीद थीं कि हाई कमान जमीन और स्थानीय स्तर लोगों से जुडे कार्यकर्ताओं को तबज्जो देगी लेकिन घोषणा होते ही जिला से लेकर ब्लाक स्तर में असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं पार्टी के इस निर्णय के विरुद्ध आवाज उठने लगी है।

पार्टी सूत्रों से हासिल जानकारी अनुसार जिला अध्यक्ष द्वारा हाल ही में मंडल और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई है उसको लेकर स्थानीय जनो ने असंतोष जताते कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं से रायसुमारी किये बिना ही यह सूची बनाई गई है यह भी सीधा आरोप लगाया कि जिला अध्यक्ष जी को ब्लॉक स्तर पर बैठक उपरांत ही मंडल और ब्लाक अध्यक्ष की सूची को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए था जो नहीं किया गया ऐसे निर्णय से पार्टी और संगठन दोनों का नुकसान होता है और कांग्रेस पार्टी के निष्ठा मान कार्यकर्ता का मनोबल कमजोर होता है नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पूरे प्रदेश में सभी मंडल और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी करने से पहले कार्यकर्ताओ की राय लिया जाना आवश्यक था मनमानी तरीके से मध्य प्रदेश में सूची का प्रकाशन किया गया है। मनमानी ढंग से मंडल और ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं इससे कहीं ना कहीं पार्टी को यह प्रदेश का निर्णय कमजोर करता है और उपर से थोपा गया निर्णय पार्टी कार्यकर्ताओं का अपमान भी है । पार्टी द्वरा पूरे प्रदेश में लिए गए निर्णय पर एक बार फिर से विचार करे । बर्तमान ब्लाक अध्यक्ष मोतीलाल कुशवाहा ग्राम पंचायत धनेह के निवासी हैं जो वहां के पूर्व सरपंच भी रह चुके हैं वह पहले कभी कांग्रेस पार्टी में नही थे संगठन के निर्णय पर सीधा आरोप लगाते स्थानीय कार्यकर्ताओ ने कहा की मोतीलाल कुशवाहा लोकसभा चुनाव में सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का साथ देने के लिये उन्हें पार्टी में शामिल किया गया था । कुछ कार्यकर्ताओ ने यहां तक कहा कि लोकसभा चुनाव में पहली बार नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष मोतीलाल कुशवाहा जी को देखा है समाचारपत्र के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से सीधा सवाल किया गया हैं कि कांग्रेस पार्टी में मोतीलाल कुशवाहा को कब सदस्यता दी गई है । आज तक मोतीलाल कुशवाहा कभी कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे हैं लेकिन उन्हें उचेहरा ब्लॉक अध्यक्ष बना दिया गया अगर पार्टी को मजबूत करना है तो किसी सही व्यक्ति के हाथों में संगठन सौंपा जाए। संगठन अपने निर्णय पर विचार कर चाहें तो उन्हें कोई और पद दे दिया जाए ।

कलेक्टर और एसपी ने अरगट और मनकीसर धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

मैहर 19 दिसंबर, पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर मैहर ने रामनगर विकासखंड के अरगट एवं मनकीसर स्थित धान खरीदी कैंप का आज औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान खरीदी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं किसानों की सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया गया

पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह एवं कलेक्टर

रानी बाटड ने संयुक्त रूप से कैंप पहुंचकर धान उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की। किसानों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया गया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के समस्त बिंदुओं का कड़ाई से पालन हो। छाया, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया।

अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि किसानों को कोई असुविधा न हो तथा टोकन सिस्टम के माध्यम से सुगम खरीदी सुनिश्चित की जाए। अवैध परिवहन या भंडारण पर कार्रवाई जारी रखने के आदेश दिए गए। निरीक्षण से किसानों में संतोष की भावना जागृत हुई।

लोकेशन गैंग एक बार फिर सक्रिय

चित्रकूट, 18दिसम्बर । पूर्व में रही तेज तर्रार आईपीएस वृंदा शुक्ला के द्वारा खत्म किए गए लोकेशन गैंग सिंडीगेट ने नए सिरे से फिर शुरूआत की । लोकेशन गैंग ने नई तकनीकी से अपना काम चालू किया, एक ट्रक चलवा कर अधिकारियों की लोकेशन लेकर कई गाड़ियों को पास करवा रहे। लोकेशन गैंग ने एक बार फिर चित्रकूट, कौशांबी, प्रतापगढ़ में अपने पांव पसारना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पूरा लोकेशन गैंग भरतकूप, कर्वी, पहाड़ी ,राजापुर, सरधुआ थाना क्षेत्र में फिर से एक्टिव हो गया है। लोकेशन गैंग के कुछ सदस्यों की तस्वीरें कैमरे में कैद हुई है। जानकारी के मुताबिक स्थानीय पुलिस की सह पर लोकेशन गैंग एक बार फिर सक्रिय हुआ है।

कोटर क्षेत्र में खनन क्षेत्रों का निरीक्षण एसडीएम ने की खेमका की लीज की जांच

नवभारत न्यूज

कोटर 19 दिसंबर, क्षेत्र के रखौदा चितगढ़ निमहा गांव में एसडीएम बीके मिश्रा एवं माइनिंग स्पेक्टर राजेंद्र देशमुख मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने क्षेत्र में संचालित खनन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खेमका की खनन लीज को भी चेक किया गया।

अधिकारियों ने खनन कार्य नियमों के अनुसार हो रहा है या नहीं, इसकी जांच की। साथ ही सुरक्षा मानकों, दस्तावेजों एवं लीज की वैधता पर भी ध्यान दिया गया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन कार्य पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत ही किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय स्तर पर मौजूद कर्मचारियों से भी जानकारी ली गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप देखा गया एसडीएम ने कहा कि एक समिति बनाकर इसकी जांच की जाएगी जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

फर्जी धान खरीदी केंद्र का खुलासा

पांच हजार नग सरकारी बारदाना, तोल कांटा जब्त,बना पंचनामा

नवभारत न्यूज

मुकुन्दपुर 19 दिसंबर, अमरपाटन के कठहा क्षेत्र में रामनिहोर पटेल द्वारा बिना अनुमति फर्जी धान खरीदी केंद्र बनाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। स्थल स्वीकृत होने से पहले ही मौके पर तौल कांटा और लगभग 5000 नग सरकारी बारदाना मिलना प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

रामनिहोर पटेल ने अपने राजनीतिक रसूख के दम पर सावित्री बाई स्व सहायता समूह के नाम से खुद ही समूह बनाकर खरीदी की तैयारी कर ली थी। सूचना मिलने पर एसडीएम के

निर्देश पर मौके पर नान डीएम पंकज गोडसे , तहसीलदार अमरपाटन आर डी साकेत व राजस्व टीम ने पहुंचकर ग्रामीणों पूंछताछ किया और पंचनामा बनाया। जांच के दौरान अधिकारियों ने सामग्री जप्त करने के निर्देश दिए ।उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी रामनिहोर का समूह धांधली के चलते ब्लैकलिस्ट हो चुका है। इस बार नए नाम से फिर शासन को चूना लगाने की कोशिश सामने आई है। जो की धोखाधड़ी का का मामला है। मामले में राजनीतिक दबाव के फोन भी आने की चर्चा है।

सांदीपनि विद्यालय बगहा में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना 19 दिसंबर, सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल के निर्देशन पर 17 दिसंबर 2025 को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगहा में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई.

मानक क्लब प्रभारी राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर विद्यालय में अध्यनरत कक्षा नवमी से 12वीं तक मानक क्लब के सदस्य छात्र एवं छात्राएं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिए जिसका विषय था सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन जिसमें निम्नलिखित छात्र एवं छात्राए चयनित हुए प्रथम स्थान पर कक्षा 9वी की छात्रा अपर्णा सिंह एवं कक्षा दसवीं की छात्रा कौशिकी द्विवेदी रही द्वितीय स्थान पर कक्षा 12वीं की छात्रा धनश्री मिश्रा एवं अनामिका कुशवाहा तृतीय स्थान पर कक्षा दसवीं की छात्रा अंकित कुशवाहा एवं कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा स्नेहा मिश्रा एवं चतुर्थ स्थान पर कक्षा 10 की छात्रा सौम्या दुबे रही समस्त छात्राओं को प्राचार्य श्री रघुवंश प्रसाद मिश्र जी द्वारा शुभकामनाएं दी गई एवं उन्हें नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया।

डॉ. शैल कुमारी को डॉक्टरेट की उपाधि, राज्यपाल के हाथों हुई सम्मानित

नवभारत न्यूज

बरौंधा/सतना 19 दिसंबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में आयोजित 13वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के द्वारा शासकीय महाविद्यालय मझगवां की प्रभारी प्राचार्या डॉ. शैल कुमारी अहिरवार को शोध उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

शासकीय महाविद्यालय मझगवां की प्रभारी प्राचार्या शैल कुमारी अहिरवार, सहायक प्राध्यापक हिंदी को उनके शोध कार्य के लिए अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है उन्होंने रीवा के शासकीय स्वशासी ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में हिंदी के प्राध्यापक डॉ. अमित शुक्ला

के शोध निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया है शोध कार्य का विषय "सुशीला टाकभौरे के साहित्य मे दलित जीवन का यथार्थ" था।

सतना जिले के रैगांव विधानसभा निवासी शिवलखन अहिरवार एवं संपतिया अहिरवार की पुत्री को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त होने पर परिवारजन, महाविद्यालयीन समस्त स्टाफ, शिक्षक साथी, मित्रों एवं गुरुजनों डॉ. अमित शुक्ला, प्रो. दीनानाथ शुक्ल, विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुशवाह तथा डॉ. सुशीला टाकभौरे जिनके साहित्यों पर शोध कार्य सम्पन्न किया उनके द्वारा हर्ष जताया गया और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

आधे नादो में पानी का गंभीर संकट, आधे में बल्ले बल्ले

नवभारत न्यूज

रामनगर 19 दिसंबर, मैहर जिले के तहसील रामनगर के ग्राम नादो में इन दिनों पानी की आपूर्ति को लेकर गंभीर असमानता देखने को मिल रही है। वर्षों पुरानी कहावत तो आपने सुनी होगी, (आधे गांव में दीवाली,आधे गांव में फागुया)मानो यहां साकार होती नजर आ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इसका कारण एलएनटी कंपनी द्वारा किए गए जलापूर्ति कार्य के बावजूद पूरे गांव तक समान रूप से पानी न पहुंच पाना। पिछले कई वर्षों से एलएनटी द्वारा पानी सप्लाई का कार्य किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि गांव के कुछ हिस्सों में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि ग्राम नादो का आधा हिस्सा पूरी तरह पानी से वंचित है। जिन मोहल्लों में पानी नहीं पहुंच रहा, वहां के ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी ढोने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि सुविधा मौजूद होने के बावजूद उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा। कड़ाके की ठंड और रोजमर्रा की जरूरतों के बीच पानी के लिए भटकते ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब पाइपलाइन बिछ चुकी है और पानी छोड़ा जा रहा है, तो फिर आधे गांव को क्यों वंचित रखा गया है? ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल जांच कर समान जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि गांव का कोई भी परिवार पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता से वंचित न रहे। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेते हैं, या फिर ग्राम नादो की जनता यूं ही "आधे में दीवाली और आधे में फागुया" का दर्द झेलती रहेगी।



अभिभावकों को न्याय दिलाने पालक महासंघ ने बनाई रणनीति

नवभारत न्यूज

नागौद 19 दिसंबर, पालक महासंघ जिला इकाई सतना की बैठक प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिसमें जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी गण शामिल होकर अभिभावक को शिक्षा के क्षेत्र में आ रही समस्याओं के निदान हेतु सुझाव लिए गए एवं सुझावों पर अमल करने के लिए योजना बध्य तरीके से सरकार और शिक्षा माफिया के खिलाफ अभिभावक गणों की आवाज को बुलंद आवाज बनाने के बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके निदान हेतु पालक महासंघ ,मध्य प्रदेश ने कमर कस ली है प्रदेश व्यापी आंदोलन करने की चरण वध शिक्षा का खर्च को कम करने के लिए आंदोलन की तैयारी कर ली है मीटिंग में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा (भोपाल), विजय देवसेना , बृजेंद्र अग्निहोत्री, ध्रुव त्रिपाठी, केडी सिंह परिहार, संजय बंका, साबिर खान, राम सुशील विश्वकर्मा, सुशील श्रीवास्तव, अभिनेश तिवारी, सहेद्र सिंह बघेल, आदि शामिल रहे, जिला इकाई की अनुशंसा पर नागौद तहसील का अध्यक्ष छेदीलाल अहिरवार को नियुक्त किया गया, जिला अध्यक्ष ध्रुव त्रिपाठी द्वारा बैठक का समापन करते हुए आभार व्यक्त किया गया, बैठक का संचालन संभाग अध्यक्ष बृजेंद्र अग्निहोत्री ने किया ,बैठक के प्रस्ताव जिला सचिव केडी सिंह परिहार ने पेश किए।

विराट 151 कुंडीय महायज्ञ का तीसरा दिन, दूर दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी

चित्रकूट बहुत ही पूण्यमयी धरती : परमानंद द्विवेदी, शांति कुंज हरिद्वार की टोली ने संपन्न कराये विविध संस्कार

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 19 दिसंबर ।तीर्थ चित्रकूट में चार दिवसीय विराट 151 कुंडीय यज्ञ के तीसरे दिन हजारों लोगों ने आहुतियां दिया । शांतिकुन्ज से आए हुए संतों ने विधिवत यज्ञ व विविध संस्कार संपन्न कराया। शांतिकुंज टोली के टोली नायक उत्तर जोन के समन्वयक परमानंद द्विवेदी ने कहा वास्तव में मानव जीवन बड़े ऊंचे उद्देश्य के लिए मिला है। दैवीय गुणों से ओतपप्रोत मानव जीवन है।

चित्रकूट बहुत ही पूण्यमयी धरती है

,यहां पर परम बंदनीया माताजी का 1994 अश्वमेध यज्ञ में उद्बोधन हुआ था। परम बंदनीया माताजी प्यार, वात्सल की प्रतिमूर्ति थी । यह धरती इतनी पवित्र है जहां भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता सहित 11ः30 वर्ष रहे ।प्रभु राम ने यहां के लोगों को गले लगाया यहां के लोगों का प्यार इतना उमड़ता था कि उन्होंने भगवान राम से कहा कि हमारी सेवा इतनी है कि भूषण बसन न लेहि चुराई। पूज्य गुरुदेव का प्यार इतना गहरा कि उन्होंने सबको कहा कि आप हमारे अंग अवयव हैं । उन्होंने कहा मनुष्य में देवत्व का जागरण मुख्य उद्देश्य है, धन वैभव वाले यहां टिक नहीं पाए । भारत की सनातन संस्कृति बहुत ही अद्भुत है। भारत के लोग जहां भी गए और जहां बसे वहां की उन्नति ही किया। 2014 के पहले भारत की कोई सुनता नहीं था आज भारत किसी की नहीं सुनता । सनातन किसी के दबाने से नहीं दबेगा। सनातन संस्कृति बढ़ेगी, भारतीय लोग सनातनी हैं । शांतिकुंज मानव गढने की प्रयोगशाला है। जहां संगीत कर्मकांड या जिसमें जिसकी रुचि है सिखाया जाता है। टोली में आए परमेश्वर साहू ने सत्संग के महत्व को समझाते हुए कहा कि गायत्री जन-जन में स्थापित होना चाहिए ।

सामाजिक परिवर्तन में गायत्री परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण - देव पूजन में अखिल भारतीय अधिकारी अजीत महापात्रा ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन में गायत्री परिवार की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। गायत्री परिवार के ऐसे आयोजनों से समरसता ,स्नेह और सौहार्द का वातावरण निर्मित होता है। इसी से भारत विश्व गुरु बनेगा।

एक होकर भारत का गौरव बढ़ाएं - क्षेत्र प्रचारक - क्षेत्र प्रचारक अनिल जी ने कहा कि हम सभी भारतवासियों को एक होकर भारत माता का गौरव बढ़ाने का कार्य करना चाहिए इसके लिए पंच परिवर्तन जरूरी है पंच परिवर्तन का मतलब कुटुंब प्रबोधन ,समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी नागरिक कर्तव्य।

विविध संस्कार संपन्न

आज के कार्यक्रम में पुन्सवन संस्कार, मुंडन संस्कार, नामकरण संस्कार ,विद्यारंभ संस्कार ,दीक्षासंस्कार संपन्न हुए और शांतिकुंज टोली द्वारा विधिवत संपन्न कराए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में शांतिकुंज टोली का स्वागत बंदन राजेंद्र श्रीवास्तव, एल पी तिवारी अशोक दीक्षित, संतोष गुप्ता, घनश्याम सिंह ,प्रेमलाल कुशवाहा ने किया।

ये प्रमुख लोग रहे उपस्थित

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वरिष्ठ प्रचारक जायसवाल, रवि चाणक्य राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र मोदी विचार मंच, रणवीर सिंह क्षेत्र प्रचारक, गोविंद त्रिपाठी, केंद्रीय जेल अधीक्षक सतना, नीलम कोस्टा उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, पूर्व आईजी जुगल किशोर तिवारी, मोहन मुरली वाला रतलाम,रेखा जगदीश रावल राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरत, हितेश गिरी गोस्वामी सूरत, राम गोपाल अग्रवाल सूरत आदि महत्वपूर्ण लोगों ने किया कलश का पूजन अनूप तिवारी ,दीपक का पूजन अतुल प्रताप जी ,पूज्य संत रामेश्वरानंद जी ,अविनाश जी, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय डॉक्टर सुरेंद्र अग्रवाल प्रतिष्ठित चिकित्सक ,मानसिंह वर्मा जोन समन्वयक वाराणसी,राम केवल यादव व्यवस्थापक अयोध्या गायत्री शक्तिपीठ ,प्रबल श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति सराहनीय रही ।